आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिये पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित दो सौ पचास इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नये इलेक्ट्रिक वाहन डोर–टू–डोर कूड़ा प्रबंधन से जुड़कर स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे। साथ ही लखनऊ को क्लिन सिटी, ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि नवनिर्माण के नौ वर्षों में लखनऊ भी स्वच्छता रैंकिंग में देश के अन्दर टॉप थ्री में शामिल हुआ है।

इलेक्ट्रिक बस सेवा जिसको विस्तार देने का कार्य हो रहा है। शहर से शहर को जोड़ने के लिये, सेटेलाइट सिटी को इलेक्ट्रिक बस सेवा से जोड़ने के कार्य हो रहे हैं। इलेक्ट्रिक बस अब लखनऊ में ही बन रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या सोलर सिटी के रूप में विकसित हो गयी है। लखनऊ में भी इसी प्रकार सोलर पैनल लगाकर कार्य आगे बढ़ाया जा रहा है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिये हैं। लखनऊ में आज हुयी समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हर ग्राम पंचायत में विशेष शिविर लगा कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ने का निर्देश दिया। श्री योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। इससे किसानों को योजनाओं का लाभ एक ही पहचान के आधार पर व्यवस्थित तरीके से मिल सकेगा।

****

नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज से आयकर अधिनियम– 2025 लागू हो गया है। एक रिपोर्ट–

नए वित्त वर्ष के पहले दिन आज आयकर अधिनियम– 2025 ने छह दशक से भी अधिक पुराने आयकर अधिनियम 1961 स्थान ले लिया है। इसे पुराने प्रावधानों को हटाकर, जटिल नियमों को सुव्यवस्थित करके और करदाताओं के लिए अनुपालन को अधिक सरल बनाकर कर प्रणाली को आसन बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार से देश में सभी डिजिटल भुगतान लेनदेन के लिए टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन के मानदंडों को पूरा करना आज से अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए फास्ट टैक वार्षिक पास का संशोधित शुल्क भी आज से लागू होगा। अनुपम मिश्र के साथ अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

आज से प्रदेश के सभी जिलों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत हो गयी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित ग्यारह विभाग आपसी समन्वय बना कर एक माह तक यह अभियान चलाएंगे। इसी दौरान दस अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर–घर दस्तक देकर विभिन्न बिमारियों के लक्षणयुक्त मरीजों को सूचीबद्ध करेंगे।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय से आज विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। गोरखपुर में वहां के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव और जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अभियान के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संचारी रोगों से बचाव में योगदान की शपथ दिलायी।

मऊ और बस्ती सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

****

प्रदेश के सभी जिलों में आज से स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ हो गया। इस अभियान के दौरान अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाता है। बलरामपुर, श्रावस्ती, चित्रकूट, बस्ती और जौनपुर सहित कई अन्य जिलों में अभियान के उद्घाटन अवसर पर स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने जनजागरूकता रैली निकाल कर लोगों के बीच शिक्षा के महत्व का संदेश दिया।

****

आईपीएल क्रिकेट–2026 के तहत आज अबसे थोड़ी देर बाद दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में मुकाबला होगा। एक रिपोर्ट–

मैच को देखते हुए इकाना स्टेडियम के आसपास लखनऊ ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया है। शाम को मैच 7.30 बजे शुरू होगा। लखनऊ मेट्रो की सेवाएं रात में 12.30 बजे तक संचालित रहेंगी जिससे क्रिकेट मैच देखकर लौटने वाले दर्शकों को कोई परेशानी ना हो। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग ने इस अंचल में बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की चेतावनी भी दी है। इस बीच, प्रदेश के कई जिलों में कल देर शाम से मौसम का मिजाज बदल गया। सहारनपुर, हमीरपुर, लखनऊ, जौनपुर और कौशाम्बी सहित कई अन्य जिलों में कल और आज हल्की से लेकर मध्यम वर्षा हुई। प्रदेश के पूर्वी जिलों में भी कुछ स्थानों पर आज तड़के बूंदाबांदी दर्ज की गयी।

****